एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

करीना कपूर ने करिश्मा की बेटी समायरा को दी है एक खास सलाह

ऐक्ट्रेसकरीना कपूर खान भले ही अपनी फिल्मों और कमिटमेंट्स में कितनी भी बिजी रहें लेकिन वह अपने परिवार और दोस्तों के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताना नहीं भूलती हैं। करीना केवल अपने बेटे तैमूर की केयरिंग मां ही नहीं बल्कि अपने भांजे-भांजी यानी करिश्मा के बच्चों समायरा और कियान के लिए भी खासी प्रटेक्टिव हैं। करीना ने अपनी भांजी समायरा को भी एक खास सलाह दी है। करीना जो खुद सोशल मीडिया से दूर रहती हैं, उन्होंने हाल में ही खुलासा किया है कि उन्होंने समायरा को सीमित रूप से ही सोशल मीडिया के इस्तेमाल की सलाह दी है। इस बारे में बात करते हुए करीना ने बताया कि समायरा सोशल मीडिया पर पूरा-पूरा दिन भी बिता देती हैं। करीना ने केवल समायरा को ही नहीं बल्कि उनकी मां करिश्मा से भी इस पर ध्यान देने की बात कही है। करीना का मानना है कि जब भी कोई सोशल मीडिया पर होता है तो वह किताब पढ़ने, खिड़की से बाहर झांकने, किसी से बात करने, परिवार और दोस्तों के साथ पूरा समय बिताने को मिस कर देता है और इस सबका हमारी पर्सनैलिटी पर काफी बुरा असर पड़ता है।

वैसे करीना पहले ही यह बात मान चुकी हैं कि वह इंस्टाग्राम पर एक फेक नाम से मौजूद हैं ताकि उन्हें पता चल सके कि आस-पास क्या हो रहा है। करीना इस समय अपनी आने वाली फिल्म गुड न्यूज की रिलीज का इंतजार कर रही हैं जो आने वाले क्रिसमस पर 27 दिसंबर को रिलीज होगी।

बिग बॉस की सबसे महंगी कंटेस्टेंट रश्मि देसाई?

बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट और ऐक्ट्रेस रश्मि देसाई को शो में हिस्सा लेने के लिए बड़ी राशि दी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो वह इस सीजन की ऐसी कंटेस्टेंट हैं जिन्हें सबसे ज्यादा भुगतान किया गया है।

आखिरी बार दिल से दिल तक में नजर आईं रश्मि अब बिग बॉस के घर में जाने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घर में रहने के लिए उन्हें करीब 1.2 करोड़ रुपये दिए गए हैं। एक सूत्र ने बताया, घर में रश्मि की एंट्री बॉयफ्रेंड अरहान खान के साथ हो रही है। उन्हें करीब 1.2 करोड़ की भारी राशि दी गई है। ऐक्ट्रेस की पॉप्युलैरिटी को देखते हुए मेकर्स शो में एंटरटेनमेंट के पार्ट को बढ़ाना चाहते हैं। रश्मि भी शो को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि रश्मि घर के अंदर ही अरहान से शादी करेंगी। हालांकि, जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी रिपोर्ट्स से वह बेहद परेशान हैं।

बता दें, शुक्रवार 27 सितंबर को बिग बॉस 13 का प्रीमियर हुआ। इस बार शो में कई सारे बदलाव किए गए हैं। सलमान के साथ शो में अमीषा पटेल का भी अहम किरदार होने वाला है।

इसके अलावा शो के सेट को लोनावला से मुंबई शिफ्ट कर दिया गया है। इस साल शो में आम लोगों की एंट्री नहीं होगी, सिर्फ सिलेब्रिटी कंटेस्टेंट ही शामिल होंगे।

पूजा हेगड़े के साथ हुकअप करना चाहते हैं वरुण तेज

अभिनेता वरुण तेज का कहना है कि अगर मौका मिले तो वह मुकुंदा की अपनी को-स्टार पूजा हेगड़े के साथ हुकअप करना चाहेंगे. वरुण ने इस बारे में अपने विचार वूट के शो फीट अप विद द स्टार्स तेलुगू के एपिसोड में जाहिर किए.

होस्ट लक्ष्मी मानचू ने वरुण से पूछा कि वह साई पल्लवी, राशि खन्ना और पूजा में से किसके साथ क्या करना पसंद करेंगे, क्रमश: जान लेना, शादी करना और हुकअप करना. इसके जवाब में उन्होंने कहा, जान लेना-राशि खन्ना की, हुकअप-पूजा हेगड़े के साथ और शादी-साई पल्लवी के साथ करना पसंद करूंगा.

फीट अप विद द स्टार्स के तेलुगू वर्जन का प्रसारण सोमवार को होगा. आपको बता दें कि सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ कनेक्ट रहने वाली पूजा की आने वाली फिल्मों का उनके फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.